Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to expedite the construction of Pratapgarh Bye-pass to connection NH-96 and NH-231 in Uttar Pradesh.

श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय । मैं आपके माध्यम से अपने लोक सभा क्षेत्र में स्वीकृत बाईपास की तरफ माननीय भूतल परिवहन मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं । जनपद प्रतापगढ़ के एनएच-96 एवं एनएच-231 को मिलने वाले प्रतापगढ़ बाईपास का काम तथा राम वन गमन मार्ग जैसे महत्वपूर्ण कॉरिडोर को आगे बढ़ाने का प्रोजेक्ट लापरवाही की भेंट चढ़ गया है । भारत सरकार द्वारा वर्ष 2016 में मुआवजे का पैसा उपलब्ध करा दिया गया था । लम्बे समय बीत जाने के बाद भी जिला प्रशासन प्रतापगढ़ अभी तक किसानों को मुआवजे की मिली रकम को बांटा नहीं सका । हालात इतने बदतर हैं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र नगरीय क्षेत्र बेल्हा प्रतापगढ़ भयंकर जाम की समस्या से बुरी तरह त्रस्त है । दूसरा कोई बाईपास न होने के कारण प्रयागराज-अयोध्या जाने वाला एनएच-96 मध्य शहर के पार्श्व इलाके घंटाघर से होकर निकलता है । इसलिए सुबह नौ बजे से ही शहर वाहनों के आवागमन से हांफने लगता है । लोगों को 2-3 किलोमीटर की यात्रा के लिए घंटों जाम झेलना पड़ता है । जाम के अलावा अत्यधिक वाहनों खासकर भारी माल वाहक ट्रकों के आवागमन के कारण धूल और गर्दा से गुब्बार नगरवासी त्राहि-त्राहि कर दमा जैसी घातक बीमारियों के शिकार हो रहे हैं ।